www.livehindustan.com

1936 सत्य · सार्थक · सदैव

हिन्दुस्तान

भरोसा नए हिन्दुस्तान का

बुधवार
22 जून 2022, नोएडा, नगर संस्करण

● पांच प्रदेश ● 21 संस्करण

अश्विन कोरोना संक्रमित हुए, इंग्लैंड दौरे पर नहीं जा सकेंगे

रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत बनाने पर जोर

ग्रेटर नोएडा, संवाददाता। ग्रेटर नोएडा स्थित जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल में योग दिवस के अवसर पर विद्यार्थियों ने अध्यापकों व परिवार के साथ मिलाकर योगासन किए। स्कूल की प्रिंसिपल डॉ. रेणु सहगल ने बताया कि छात्रों ने विभिन्न योग आसनों सांस नियंत्रण सरल ध्यान और विशिष्ट शारीरिक मुद्राओं को किया।

गलगोटिया विश्वविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सभी अध्यापकों और कर्मचारियों को योग के फायदों को बताते हुए योगासन सिखाया। नॉलेज पार्क एरिया के शारदा विश्वविद्यालय और शारदा अस्पताल परिसर में योग दिवस मनाया गया। गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय के फैकल्टी क्लब में योग व उसके पश्चात ध्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उमा पब्लिक स्कूल में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एमएलसी श्रीचंद शर्मा और विकास चंद्र रिटायर्ड आईजी मौजूद रहे। केसीसी इंस्टीट्यूट में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया। गौड़ इंटरनेशनल स्कूल ने स्कूल परिसर में योग शिविर का आयोजन किया।